Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding 'Gaurav Rath Yatra' in Rajasthan.

डॉ. रघु शर्मा (अजमेर) : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से राजस्थान में जो हमारे गरीब टैक्स पेयर हैं, उनकी गाढ़ी कमाई को पार्टी हित में खर्च करने की जो नई परंपरा शुरू की गई है, उसकी ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मुझे इस बात का एतराज नहीं है कि भाजपा प्रदेश में कोई यात्रा निकाले, माननीया, नवंबर में चुनाव हैं और अक्टूबर में आचार संहिता लग जाएगी। इस चार तारीख से हमारे राजस्थान की मुख्यमंत्री जी ने राजस्थान गौरव यात्रा निकालने का निश्चय किया है, उक्त यात्रा में सरकारी खर्चे पर भारतीय जनता पार्टी का प्रचार होगा, इसे कोई भी बर्दाश्त नहीं करेगा। महोदया, यह आदेश देखिए कि सरकार की सारी मशीनरी का भगवाकरण करके, उनकी मीटिंग ऑर्गेनाइज करने के लिए और कमल रथ में सवार होकर पार्टी का झंडा लगाकर, अगर सरकार के पैसे का दुरूपयोग किया जाएगा तो कोई यह अच्छी परंपरा नहीं है। जिस प्रदेश के अंदर 150 किसानों ने आत्महत्या की है।

13 00 hrs

अभी मुख्य मंत्री के जिले में जहां सात दिन पहले सात साल की मासूम बच्ची के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या हुई हो। जहां 15 लाख लोगों को रोजगार देने का वायदा किया गया हो और बेरोज़गारों के साथ धोखा हुआ हो । वहां किस गौरव की बात भाजपा कर रही है यह समझ से परे है ।